नपा में नोटिस के नाम पर हुआ लाखों का खेल !

नगरपालिका सीधी अंतर्गत बिना अनुमति के बन रहे भवनों और बेसमेंट की शिकायत पर नोटिस जारी करने के बाद नहीं हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। नगर पालिका परिषद सीधी अंतर्गत बिना अनुमति के बन रहे भवनों और बेसमेंट की शिकायत पर नोटिस जारी करने के बाद कार्यवाही नही हुई। चर्चा है कि नपा में नोटिस के नाम पर लाखों का खेल हुआ है!

गौरतलब है कि नगर पालिका क्षेत्र के बाजार क्षेत्र एवं उससे लगे इलाकों में ही बिना अनुमति एवं मनमानी तौर पर भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका के पास जिन भवनों के निर्माण कार्य अवैधानिक रूप से होने की शिकायत पहुंचती है उसमें नोटिस तो काफी तत्परता के साथ जारी किये जाते हैं लेकिन कार्यवाई करने की बजाय लाखों का खेल शुरू कर दिया जाता है। इसी वजह से नगर पालिका क्षेत्र में बिना अनुमति के भवन और बेसमेंट बनने के मामले सामने आ रहे हैं।

नोटिस जारी होने के बाद भी बन गया 3 मंजिला भवन

नगर पालिका की ओर से तत्कालीन सीएमओ मिनी अग्रवाल द्वारा बिना अनुमति बेसमेंट निर्माण को लेकर अमृतलाल लालवानी तथा बिना अनुमति के अवैध भवन का निर्माण करने पर नर्वदा प्रसाद गुप्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था और निर्माण बंद करने के निर्देश दिये गये थे। दोनो मामलो में कोई कार्रवाई नहीं हुई और 3 मंजिला भवन बन गया।

केस नं.-1

शहर के कोटहा वार्ड क्र. 17 में अमृतलाल लालवानी पिता नरेश कुमार लालवानी द्वारा लगभग 1444 वर्गफिट पर बिना अनुमति तलघर का निर्माण शुरू किया गया। जिस पर नोटिस क्र.5697 20 दिसम्बर 2024 को नोटिस जारी कर काम बंद करने आदेशित किया गया। फिर भी काम पूरा हुआ।

केस नं.-2

शहर के गांधी चौराहा में नर्वदा प्रसाद गुप्ता पिता महादेव गुप्ता द्वारा बिना अनुमति भवन निर्माण शुरू करने पर नगर पालिका की ओर से नोटिस क्र.3073 दिनांक 5 अगस्त 25 जारी कर काम बंद करने के निर्देश दिये गये थे फिर भी काम पूरा हुआ। खसरा क्र. 481 में निर्माण कराया जा रहा था, जो संबंधित के नाम नही था।

इनका कहना है

नवभारत के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में संबंधित जिम्मेदार शाखा से विस्तृत जानकारी ली जायेगी। यदि जानकारी में संज्ञान में लाया गया विषय सही पाया गया तो नियमानुसार ठोस कार्यवाही की जायेगी।

महमूद हसन, सीएमओ नपा-सीधी

छत्रसाल स्टेडियम में आज होगा योग दिवस आयोजन

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेवासियों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। स्वस्थ एवं निरोग जीवन के संदेश के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6 बजे से छत्रसाल स्टेडियम सीधी में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा विधायक सीधी रीती पाठक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विश्वामित्र पाठक, चुरहट अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, नपा अध्यक्ष काजल वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योग दिवस के इस सामूहिक आयोजन में जिले के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। योग आज केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित हो चुका है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं में कमी आती है तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों की रोकथाम में सहायक होने के साथ व्यक्ति को सकारात्मक, ऊर्जावान और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्र याओं का सामूहिक अभ्यास कराया जाएगा।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया है कि वे ढीले एवं आरामदायक वस्त्र पहनकर तथा खाली पेट समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें। साथ ही यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए यथा संभव सामूहिक अथवा साझा वाहन का उपयोग करें। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में परिवार सहित शामिल होकर योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ, जागरूक और निरोग समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

पटवारी रविशंकर शुक्ला की पदस्थापना से काश्तकारों में खुशी

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। गोपद बनास तहसील अंतर्गत जमोड़ी सेंगरान हल्का में पटवारी रवि शंकर शुक्ला की पदस्थापना के बाद क्षेत्र के काश्तकारों एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

किसानों का कहना है कि राजस्व संबंधी कार्यों के प्रति उनकी कार्यशैली और व्यवहारिकता के कारण उन्हें एक जिम्मेदार एवं जनहितैषी पटवारी के रूप में पहचान मिली है। जानकारी के अनुसार रवि शंकर शुक्ला पूर्व में सीधी गिर्द क्षेत्र में पदस्थ रह चुके हैं जहां उन्होंने राजस्व अभिलेखों के संधारण, नामांतरण, सीमांकन एवं किसानों की समस्याओं के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनकी कार्य कुशलता और आमजन से सहज संवाद के कारण क्षेत्र में उनकी अलग पहचान बनी। स्थानीय किसानों का कहना है कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता देने वाले अधिकारियों की क्षेत्र में आवश्यकता रहती है। ऐसे में जमोड़ी सेंगरान हल्का में उनकी पदस्थापना से राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी आने और किसानों को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद बढ़ी है। चर्चित पटवारियों में शामिल रवि शंकर शुक्ला को लेकर लोगों ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ स्थानीय काश्तकारों को मिलेगा तथा राजस्व विभाग की सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंच सकेंगी। उनकी पदस्थापना पर प्रमुख रूप से मेजर सिंह सरपंच जमोड़ी, श्यामराज सिंह, राकेश रतन सिंह, सीतराम सिंह, भरत द्विवेदी, राजेश सिंह प्रताप मार्बल, अजय सिंह सेंगर, वीनू सिंह परिहार, कौशल वर्मा सहित हल्का क्षेत्र के काश्तकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

प्राकृतिक खेती से कम होगी लागत, बढ़ेगा लाभ और सुरक्षित रहेगा पर्यावरण : डॉ .राजेश

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। जिले के ग्राम झलवार में प्राकृतिक खेती और जैविक उत्पादन पर केन्द्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं कृषि उत्पादों के विपणन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर किसानों को कम लागत, अधिक लाभ और स्वस्थ उत्पादन की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि म.प्र. में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवाचार किए जा रहे हैं जिससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की तकनीक नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भूमि, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का माध्यम है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे परंपरागत ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक सलाह के समन्वय से प्राकृतिक खेती को अपनाएं तथा अपने खेतों को आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाएं। उन्होंने कहा कि अब समय केवल उत्पादन बढ़ाने का नहीं, बल्कि उत्पादों का मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण कर किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने का है। जिले में कटहल, महुआ, कोदो-कुटकी, मोटे अनाज तथा अन्य वन एवं कृषि उत्पादों की अपार संभावनाएं हैं। यदि इन उत्पादों के प्रसंस्करण की स्थानीय इकाइयां स्थापित की जाएं तो किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों के लिए कम लागत और अधिक लाभ का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर गौ-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामकुमार रावत ने मंच संचालन किया।

एक नजर में

राजकमल सोनी का निधन



सीधी। विष्णु लक्ष्मी अलंकर के संचालक स्वर्गीय बलभद्र प्रसाद सोनी के द्वितीय पुत्र राजकमल सोनी का इलाज की चिरायु हॉस्पिटल भोपाल में चल रहा था। स्वस्थ लाभ लेने के बाद भोपाल से छुट्टी कराकर सीधी ला रहे थे। अचानक तबीयत सीधी पहुंच कर खराब होने लगी और घर पहुंचते ही दम तोड़ दिए। राजकमल सोनी अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सीधी में हुआ, जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र शुभम सोनी द्वारा मुखाग्नी दी गई। वह अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़कर गये बड़े। भाई पारस लाल सोनी, नीलकमल सोनी, शत्रुघ्न लाल सोनी है।

निर्धारित मूल्य से अधिक के विक्रय पर होगी कार्रवाई

सीधी। वर्तमान शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए नवीन पाठ्यक्रमानुसार एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई की सभी पुस्तकें जिले के स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं के यहां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी विक्रेताओं को पर्याप्त स्टॉक रखने तथा छात्रों एवं अभिभावकों को निर्धारित मूल्य पर पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जानकारी मिली है कि कुछ विक्रेता पुस्तकों की कमी या सीमित स्टॉक का हवाला देकर अधिक मूल्य पर पुस्तकें बेच रहे हैं अथवा अभिभावकों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। यह अनुचित है और ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि यदि कोई दुकानदार पुस्तकों की अनुपलब्धता या कमी बताकर निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलता है, तो इसकी शिकायत जिला शिक्षा केंद्र सीधी में अथवा मोबाइल नंबर पर करें। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

तीन दिवसीय कम्पोजिट कार्यशाला 23 से

सीधी। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय एवं विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने तथा उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 दिवसीय कम्पोजिट कार्यशाला का आयोजन 23 से 25 जून 2026 तक किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होटल मधुरम, डीपी कॉम्प्लेक्स सीधी में आयोजित होगी। कार्यशाला के दौरान उद्यमियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क एवं कियोस्क की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके माध्यम से उद्यम पंजीकरण, जेडईडी प्रमाणीकरण, टीआरईडीएस एवं ओएनडीसी ऑनबोर्डिंग, ऑनलाइन विवाद समाधान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं संबंधी परामर्श तथा ऑन-द-स्पॉट सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की एमएसएमई इकाइयों, स्टार्टअप एवं युवा उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों, शिल्पकारों, उत्पादक समूहों एवं किसान उत्पादक संगठनों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति उद्यमियों, निर्यात उन्मुख इकाइयों तथा जिले के प्रमुख ओडीओपी से जुड़े उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है। पात्र हितग्राही निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर कार्यशाला का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर 26 को

सीधी। मानवता की सेवा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सीधी द्वारा 26 जून 2026 को जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। एक दान, जीवन के लिए थीम पर आयोजित इस शिविर के माध्यम से नागरिकों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शासकीय कर्मचारियों तथा आम नागरिकों से रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है। प्रशासन का मानना है कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों तक के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। साथ ही रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा एक स्वस्थ व्यक्ति नियमित अंतराल पर रक्तदान कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान से सामाजिक दायित्व की भावना मजबूत होती है और जरूरत पड़ने पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 26 जून को जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। आइए, रक्तदान करें और जीवन बचाएं, क्योंकि आपका एक छोटा सा प्रयास किसी परिवार की खुशियां लौटाने का माध्यम बन सकता है।

मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत सोन नदी के भंवरसेन घाट में 15 जून 2026 को हुए दर्दनाक डूब हादसे में जान गंवाने वाले 4 लोगों के परिजनों को एसडीएम विकास कुमार आनंद ने राहत राशि स्वीकृत कर दी है।

इस संबंध में एसडीएम विकास कुमार आनंद ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के तहत प्रत्येक मृतक के निकटतम वारिस को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। कुल 16 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन, हल्का पटवारी की जांच रिपोर्ट, स्थल पंचनामा एवं अन्य अभिलेखों के परीक्षण के बाद यह कार्रवाई की गई। शासन के संशोधित प्रावधानों के अनुसार पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम परिजन को चार लाख रुपये की सहायता देने का प्रावधान है। स्वीकृत सहायता के अनुसार भवरसेन घाट में डूबने से मृत हुई ज्योति सेन उर्फ विद्याभारती सेन 24 वर्ष निवासी बूढ़ाबाउर जिला मैहर के पिता रामाधार सेन को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार नीलू बैस 22 वर्ष निवासी बूढ़ाबाउर जिला मैहर के निधन पर उनके पति मनीष सिंह बैस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। हादसे में जान गंवाने वाली सुभी सेन 15 वर्ष निवासी बल्हौड़ जिला उमरिया के पिता रामदयाल सेन को भी 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। वहीं लखन केवट 26 वर्ष निवासी घोघटपुर जिला राजगढ़ की मृत्यु के मामले में उनकी पत्नी निर्मला केवट को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के आदेश जारी किए गए हैं।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक कल

सीधी 20 जून। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा सीधी के अध्यक्ष देवीचरण शर्मा ने बताया है कि एसोसिएशन की बैठक 22 जून सोमवार को दोपहर 2 बजे से सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई है। प्रांतीय निकाय के निर्देशानुसार दिनांक 30.06.2026 को मुख्यमंत्री को सम्बोधित 6 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाना है। जिले के सभी पेंशनर्स पदाधिकारी एवं पेंशनर्स से अपील है कि नियत दिनांक समय व स्थान पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित आने का कष्ट करें।

सीएमएचओ ने सीएचसी सेमरिया का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक खरे ने शनिवार 20 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का गहन जायजा लिया।

डॉ.खरे ने सामान्य वार्ड, प्रसूति वार्ड, लेबर रूम एवं इमरजेंसी कक्ष में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उपचार व्यवस्थाए दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का अवलोकन किया। पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कुपोषित बच्चों के उपचार प्रोटोकॉल, वजन की निगरानी, पौष्टिक आहार वितरण एवं डिस्चार्ज फॉलोअप की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की माताओं से भी संवाद किया। ओपीडी, आईपीडी, दवा स्टॉक, ई-औषधि पोर्टल एवं अनमोल 2.0 पर की जा रही प्रविष्टियों का सत्यापन किया। बीएमओ, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं एएनएम के साथ बैठक कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे एनपी-एनसीडी, पीएमएसएमए, टीबी उन्मूलन एवं टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। डॉ.खरे ने संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि मरीजों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिले। एनआरसी में भर्ती बच्चों का शत-प्रतिशत फॉलोअप सुनिश्चित करें। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल एवं मरीजों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान बीएमओ सेमरिया सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा। सीएमएचओ ने स्टाफ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रसंस्करण इकाइयों के पुनर्जीवन से किसानों की बढ़ेगी आय : डॉ .मिश्रा

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। क्षेत्र के किसानों को कृषि आधारित उद्यमों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम झलवार का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने चुरहट एग्री प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा पूर्व में संचालित प्रसंस्करण इकाई तथा चुरहट मुर्गी पालक संघ द्वारा संचालित फीड प्लांट का निरीक्षण कर उनकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित करना भी आवश्यक है। इससे किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन पुष्पेन्द्र कुमार सिंह ने सांसद को प्रसंस्करण इकाई में पूर्व में संचालित गतिविधियों, किसानों को मिले लाभ तथा वर्तमान आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन करते हुए आश्वस्त किया कि इकाई को पुनः प्रारंभ करने तथा भवन के आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके उपरांत सांसद ने चुरहट मुर्गी पालक संघ द्वारा संचालित फीड प्लांट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मुर्गी पालन से जुड़ी महिला हितग्राहियों से संवाद कर उनके अनुभव जाने तथा होने वाली आय और आजीविका पर पड़ रहे सकारात्मक प्रभाव की जानकारी प्राप्त की।

निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए निर्माण कार्य : रीती

सीधी विधायक ने डिजिटल लाइब्रेरी, रेलवे स्टेशन, ऑडिटोरियम सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जून। विधायक सीधी रीती पाठक ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी, गोपालदास मंदिर परिसर, नौढ़िया स्थित प्रगतिरत रेलवे स्टेशन, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम हॉल तथा जनपद पंचायत के प्रस्तावित नवीन भवन के लिए चिन्हित भूमि का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि विकास कार्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं बल्कि ये जिले के भविष्य और नागरिकों की सुविधाओं से सीधे जुड़े हुए हैं। इसलिए प्रत्येक परियोजना का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए। डिजिटल लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान विधायक ने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइब्रेरी को आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त स्वरूप दिया जाए, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और डिजिटल संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिल सके। विधायक ने नौढ़िया स्थित प्रगतिरत रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के उन्नयन से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आवागमन को नई गति मिलेगी। वहीं गोपालदास मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीढ़ी एवं नाली निर्माण के निर्देश दिए। इसके अलावा विधायक ने जनपद पंचायत के प्रस्तावित नवीन भवन के लिए चयनित भूमि का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला, भाजपा नेता विश्वबंधुधर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, पुष्पराज सिंह, पंकज पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महाविद्यालय की सुविधाओं का बारीकी से किया अवलोकन

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम हॉल का निरीक्षण करते हुए विधायक ने भवन की संरचना, बैठने की व्यवस्था, मंच, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को आवश्यक कमियों को शीघ्र दूर करने तथा छात्राओं की आवश्यकता के अनुरूप सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महाविद्यालय परिसर में निरीक्षण के दौरान उपस्थित कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि जिले में संचालित सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके।